गोस्वामी तुलसीदास कृत

बरवै रामायण

(नवीन पाठ)

सम्पादक

डॉ० रामकुमार वर्मा

शक १८८९

हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

समर्पण

तुलसी-साहित्य के अनन्य प्रेमी और मर्मज्ञ

स्वर्गीय अग्रज

श्री रघुवीर प्रसाद वर्मा

की स्मृति में

सादर समर्पित

'कुमार'

प्रकाशकीय

हिन्दी साहित्य सम्मेलन विगत अनेक वर्षों से देश के विभिन्न अंचलों से हस्तलिखित ग्रन्थों के संग्रह और संरक्षण का कार्य करता आ रहा है। लगभग आठ सहस्र ग्रंथों के इस वृहत् संग्रह में अनेक ग्रन्थ ऐसे भी हैं, जो अप्रकाशित एवं महत्त्वपूर्ण हैं और जिनके प्रकाश में आने से हिन्दी साहित्य की श्री-वृद्धि हो सकती है। इस उद्देश्य को दृष्टि में रखकर प्रथम शासन निकाय के कार्यकाल में विशेषज्ञ विद्वानों की एक परामर्शदातृ समिति का गठन किया गया और उसके निर्देशन में आठ हस्तलिखित ग्रन्थो के सम्पादन एवं प्रकाशन की एक योजना बनायी गयी। इन आठ ग्रन्थों के सम्पादन के लिए भारत सरकार से सम्मेलन को आंशिक वित्तीय सहायता भी प्राप्त हुई है। इस योजना के छः ग्रन्थ अब तक प्रकाशित हो चुके हैं और शेष दो ग्रन्थ भी शीघ्र ही पाठकों के समक्ष प्रस्तुत होंगे।

महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की कृति 'बरवै रामायण' का यह प्रकाशन उक्त आठ ग्रन्थों के अतिरिक्त है। इस ग्रन्थ के यद्यपि अनेक संस्करण अब तक प्रकाशित हो चुके हैं; तथापि कदाचित् यह कहना अनुपयुक्त न होगा कि पाठकों एवं अध्येताओं का गोस्वामी जी के प्रामाणिक मूल कृति की जिज्ञासा का समाधान उनसे नहीं हो पाया है। सम्मेलन द्वारा 'बरवै रामायण' के एक सर्वांगीण एवं यथासंभव विशुद्ध संस्करण निकालने की योजना का यही प्रयोजन है।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अनुरोध पर डा० रामकुमार वर्मा ने १९६५ ई० में सम्मेलन-संग्रह के हस्तलिखित ग्रन्थो की विवरणात्मक सूची-निर्माण के लिए प्रधान सम्पादक का पद स्वीकार किया। इसी संदर्भ में ग्रन्थों का परीक्षण करते समय उन्हें एक ऐसी महत्वपूर्ण प्रति प्राप्त हुई, जिसमें गोस्वामी जी की समस्त रचनाएँ संगृहीत थीं। इसी संग्रह में उन्हें

'बरवै रामायण' की प्रति भी देखने को मिली। उसके अब तक के प्रकाशित संस्करणो से इस उपलब्ध हस्तलिखित प्रति के मूल पाठ का तुलनात्मक अध्ययन करने के अनन्तर डा० वर्मा ने सम्मेलन को उसके सम्पादन एवं प्रकाशन का सुझाव दिया। जिसे परामर्शदातृ समिति ने स्वीकार कर लिया। और यह भी प्रस्ताव किया कि डा० वर्मा ही उसका सम्पादन करें।

'बरवै रामायण' की प्रस्तुत प्रति के सम्पादन में काशी नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी और जौनपुर के राजा श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित संस्करणों के अतिरिक्त विभिन्न संग्रहों में सुरक्षित लगभग सात हस्तलिखित प्रतियों का उपयोग किया गया है। जौनपुर महाराज के संस्करण में उनके संग्रह की दो हस्तलिखित प्रतियों का उपयोग किया गया है। सम्मेलन के अनुरोध पर उन्होंने स्व सम्पादित संस्करण को सहर्ष भेजकर जो सहयोग प्रदान किया है और उससे हमारे कार्य में जो सहायता मिली है उसके लिए सम्मेलन उनके प्रति आभारी है। इसी प्रकार दतिया के राज पुस्तकालय की प्रति के लिए भी हम उनके कृतज्ञ हैं।

प्रस्तुत संस्करण में सभा द्वारा प्रकाशित संस्करण के अतिरिक्त उसके संग्रह की दो हस्तलिखित प्रतियों और महाराज काशीनरेश के पुस्त- कालय की तीन हस्तलिखित प्रतियो का उपयोग किया गया है। यदि क नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी और महाराज काशीनरेश, राम वाराणसी द्वारा सम्मेलन को सहयोग प्राप्त न हुआ होता तो कद प्रस्तुत संस्करण को इस रूप मे निकालना सम्भव न होता। एत सम्मेलन की ओर से सभा के अधिकारियों और महाराज काशीनरे प्रति विशेष रूप से सादर कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

इस पुस्तक के सम्पादक विद्वद्वर डा० रामकुमार वर्मा के ना सारा हिन्दी जगत सुपरिचित है। उन्होने अपनी महत्वपूर्ण मौलिक नाओ द्वारा हिन्दी साहित्य को परिपुष्ट एवं समृद्ध करने मे जो योग

अनुक्रम

प्राक्कथन

बरवै रामायण गोस्वामी तुलसीदास के प्रामाणिक ग्रन्थों में है। इसका उल्लेख वेणीमाधवदास के (संदिग्ध) 'मूल गोसाईं चरित' में भी मिलता है :

कवि रहीम बरवै रचे, पठये मुनिवर पास।
लखि तेइ सुन्दर छन्द में, रचना किये प्रकास॥

इसके अनुसार बरवै रामायण का रचनाकाल संवत् १६६९ (सन् १६१२) ठहरता है।

सन् १८७७ में श्री शिवसिंह सेंगर ने अपने ग्रंथ 'शिवसिंह सरोज'[1] के पृष्ठ ४२७ पर तुलसीदास के ग्रंथों में 'बरवै रामायण' का उल्लेख किया है। पृष्ठ १२१ पर उन्होंने 'बरवै रामायण' के दो छन्दों को उद्धृत भी किया है—

वंदे चरण सरोजं तव रघुबीर।
मुनि ललना इव नावं मा कुरु धीर[2]॥
सिय मुख सरद कमल जिमि किमि कहि जाय।
निसि मलीन वह निसि दिन यह बिकसाय॥

---

१. प्रकाशक—नवल किशोर प्रेस, लखनऊ, (सातवीं बार), १९२६।

२. यह छन्द अभी तक प्राप्त किसी प्रति में नहीं है। इस छन्द वाली प्रति का निर्देश केवल दतिया राज्य पुस्तकालय में मिला है। शिवसिंह सेंगर ने लिखा है, "इनके बनाये ग्रंथों की ठीक-ठीक संख्या हमको मालूम नहीं हुई। केवल जो ग्रंथ हमने देखे, अथवा हमारे पुस्तकालय में हैं, उनका जिकर किया जाता है।"

यह प्रति संभवतः सेंगर जी के पुस्तकालय में हो जिसके सम्बन्ध में भी कोई सूचना नहीं है।

इस संदर्भ में केवल यही निर्दिष्ट है कि वरवै रामायण सात कांडों में है। उसमें कितने छन्द है, यह नहीं लिखा गया।

सन् १८९३ में सर जार्ज ए० ग्रियर्सन के 'इंडियन ऐंटिक्वरी' में 'नोट्स आन तुलसीदास' नामक लेख मे तुलसीदास के २१ ग्रंथों में दसवें ग्रंथ 'वरवै रामायण' का उल्लेख किया गया है।

उसी वर्ष 'एनसाइक्लोपीडिया आव् रिलीजन एंड एथिक्स' में ग्रियर्सन ने तुलसीदास के वारह ग्रंथों को प्रामाणिक मानते हुए उनके ६ छोटे ग्रंथों मे तीसरे स्थान पर 'वरवै रामायण' का निर्देश किया है।

सन् १९०३ में 'वंगवासी' के मैनेजर श्री शिवविहारी लाल वाजपेयी ने 'वंगवासी' के ग्राहकों को समस्त तुलसी-ग्रन्थावली (जिसमे १७ ग्रंथ थे) उपहार में दी थी। उस ग्रन्थावली में चतुर्थ ग्रथ 'वरवै रामायण' है। इस 'वरवै रामायण' में छन्द-संख्या ६९ है।

सन् १९२२ में काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित तुलसी-ग्रंथावली के दूसरे खण्ड में तुलसीदास के १२ प्रामाणिक ग्रंथों में 'वरवै रामायण' का उल्लेख है। इसकी भी छंद संख्या ६९ है। प्रारम्भिक वक्तव्य मे कहा गया है—

"वरवै रामायण—६९ वरवों का यह एक छोटा सा ग्रंथ है, जो सात अध्यायों मे वंटा है। गोस्वामी जी ने इसे ग्रंथ रूप में निर्मित नही किया था। ऐसा स्पष्ट ही ज्ञात होता है ये यथा रुचि बने हुए स्फुट वरवै थे जिन्हें बाद में स्वयं गोस्वामी जी ने या उनके किसी भक्त ने मानस के कांड-क्रम से संग्रहीत कर दिया है।"

६९ छन्दों के 'वरवै रामायण' मे राम-कथा का रूप ही नहीं है। केवल आलंकारिक रूप से राम-कथा के कुछ प्रसंगों की छाया मात्र है। वरवै भी काव्य-रूप में इतने स्फुट और अ-प्रवन्धात्मक है कि वे किसी कथा-भाग का निर्माण ही नही कर सकते। उत्तर कांड में तो कोई कथा है ही नही। वेणी माधव दास का यह कथन यथार्थ लगता है कि 'लखि तेइ सुन्दर छन्द में, रचना किये प्रकास'। कुछ छन्दों की रचना-मात्र की गई।

किन्तु 'वरवै रामायण' की इस ६९ छन्दोंकी पाठ-परम्परा से भिन्न ४०५ छन्दों वाली परम्परा की भी कुछ हस्तलिखित प्राचीन प्रतियाँ प्राप्त हुई हैं। नागरी प्रचारिणी सभा की खोज रिपोर्टों में इन हस्तलिखित प्रतियों का यथेष्ट उल्लेख है और इनमें राम-कथा का विस्तार गोस्वामी तुलसीदास की काव्य-शैली के अनुरूप ही प्राप्त होता है।[1] रामचरित मानस और वरवै रामायण की प्रस्तुत प्रतियों मे केवल कथा-साम्य ही नहीं, शब्द-साम्य भी प्रचुर मात्रा में है। ऐसा प्रतीत होता है कि तुलसीदास के ग्रंथों में परिगणित 'वरवै रामायण' का यही वास्तविक रूप है। ६९ छन्दों की वरवै रामायण का पाठ केवल अलंकार निरूपण के लिए तुलसीदास द्वारा समय-समय पर लिखे गये छंदों का संकलन मात्र है।

४०५ छन्दो की वरवै रामायण की प्रतियों के आधार पर ही प्रस्तुत वरवै रामायण का पाठ निर्धारित हुआ है।

सन् १९५३ में जौनपुर के राजा साहब श्री यादवेन्द्र दत्त जी ने संवत् १८७३ की दो प्रतियों के आधार पर ४०५ छन्द-परम्परा वाली वरवा (वरवै) रामायण का प्रकाशन किया था और इसकी प्रस्तावना डॉ० हजारी प्रसाद द्विवदी ने लिखी थी। किन्तु "राजा साहब ने दोनों प्रतियों से पाठ-संकलन कर के इसका पाठ-शोधन कर दिया था"।

इसका प्रकाशन कर राजा साहब ने वास्तव में सराहनीय कार्य किया था किन्तु दोनों प्रतियों के 'पाठ-शोधन' में किसी वैज्ञानिक पद्धति का आश्रय ग्रहण न करने के कारण उसकी उपयोगिता संदिग्ध ही रह गई।

प्रस्तुत पाठ-निर्धारण में खोज मे प्राप्त प्रतियों के साथ जौनपुर के राजा साहब की दोनो प्रतियों से भी मैंने सहायता ली है जिसके लिए मैं राजा साहब के प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

वरवै रामायण की प्रेस कापी तैयार करने के उपरान्त मुझे दतिया राज्य पुस्तकालय की एक प्रति 'वरवै बंध रामायन' की भी सूचना प्राप्त हुई। डिग्री कालेज, दतिया के असिस्टेण्ट प्रोफ़ेसर डा० शिव शरण शर्मा ने अनुग्रहपूर्वक मेरे पास उसकी प्रतिलिपि भेज दी। 'वरवै बंध रामायण'

की यह प्रति संवत् १९०१ की है जिसकी पुष्पिका निम्न प्रकार से है:—

"इति श्री वरमै रामायन पं० गुसांई तुलसीदास कृते उत्तर कांड संपूरनं शुभमस्तू मार्ग सुदि १३, संवत् १९०१"।

यह प्रति अधिकांशतः अशुद्ध लिखी गई है। लिपिकार ने अपना नाम नहीं दिया। प्रतिलिपि करने में अनेक स्थानों पर असावधानी और उतावलापन लक्षित होता है। अरण्यकाण्ड के १८वें बरवै की तो एक पंक्ति ही लिखने से रह गई है। मात्रा, विराम और शब्द तो अनेक स्थलों पर छूट गये हैं। यह होते हुए भी यह प्रति महत्त्वपूर्ण है। श्री शिवसिंह सेंगर ने अपने ग्रंथ शिवसिंह सरोज में 'बरवै रामायण' की जिस प्रति का संकेत किया है, उस प्रति से इस प्रति का अन्तर्सम्बन्ध किसी न किसी रूप से स्थापित होता ही है। श्री सेंगर ने 'बरवै रामायण' के जिन दो छन्दों को उदाहरण रूप में उद्धृत किया है, उनमें से एक छन्द किंचित् परिवर्तन के साथ इस दतिया की प्रति में प्राप्त होता है। वह छन्द अब तक की उपलब्ध अन्य किसी प्रति में नहीं मिला। वह छन्द अयोध्याकांड का ३१वाँ छन्द है जो श्री शिवसिंह सेंगर द्वारा इस प्रकार उद्धृत है:—

वन्दे चरन सरोजं तव रघुवीर।
मुनि ललना इव नाव मा कुरु वीर॥

यह छन्द दतिया की प्रति में इस प्रकार है:—

वन्दौं चरन सरोजं तुव रघुवीर।
मुनि घरनी यह तरनी मा कुरु वीर॥

दूसरा छंद जो श्री सेंगर ने उद्धृत किया है, वह इस प्रति में नहीं है।

सिय मुख सरद कमल जिमि किमि कहि जाय।
निसि मलीन वह निसिदिन यह बिकसाय॥

यह छन्द बरवै रामायण की लघु शाखा का पाठ है।

ऐसा प्रतीत होता है कि श्री सेंगर की प्रति किसी मूल प्रति की दो या अधिक शाखाओं में से किसी एक की प्रतिलिपि होगी और दतिया की प्रति उन्हीं शाखाओं में से किसी दूसरी की प्रतिलिपि होगी। यह इसलिए कि 'वंदे चरन सरोजं तव रघुवीर।' दोनों प्रतियों में समान छन्द है किन्तु 'सिय मुख सरद कमल जिमि किमि कहि जाय।' श्री सेंगर की प्रति में विशिष्ट छन्द है जो दतिया की प्रति में नहीं है और जिसका अन्तर्सम्बन्ध बरवै रामायण के लघु पाठ से है।

दतिया की प्रति में एक बात और भी ध्यान देने योग्य है। इसके उत्तरकांड में एक अतिरिक्त बरवै (३१वाँ) है जो अन्य प्रतियों में नहीं है:—

रघुवर चरन तरनीआ चढ़ि चित मोर।
तर भव सागर नदीआ दिन रह थोर॥

इस छन्द से तुलसीदास के अन्तिम दिनों का संकेत मिलता है। इस दृष्टि से डा० माताप्रसाद गुप्त का यह अनुमान कि 'बरवै रामायण' कवि के जीवन की उत्तरकालीन रचना है और अयोध्या की (अ) प्रति का रचना-तिथि-संकेत संवत् १६७९ समर्थित होता है। मैं स्वयं बरवै रामायण का रचना-काल संवत् १६७९ के आसपास मानने के पक्ष में हूँ। दतिया की प्रति के शेष सभी छन्द नागरी प्रचारिणी सभा काशी की प्रति से साम्य रखते हैं। मैंने उस प्रति की विशिष्टता की ओर ही संकेत किया है।

अभी तक गोस्वामी तुलसीदास की यह महत्वपूर्ण कृति हिन्दी-जगत् में सही ढंग से प्रवेश प्राप्त नहीं कर सकी। मैं विनम्रतापूर्वक यह कृति प्रस्तुत करते हुए अपने को सौभाग्यशाली समझता हूँ।

साकेत, प्रयाग
विजयादशमी, १९६७

—रामकुमार वर्मा

भूमिका

बरवै रामायण महाकवि तुलसीदास के प्रमुख ग्रंथों में है। नागरी प्रचारिणी सभा, काशी द्वारा संवत् १९८० में प्रकाशित तुलसी-ग्रंथावली के दूसरे भाग में तीसरा ग्रंथ बरवै रामायण है। डॉ० माताप्रसाद गुप्त भी 'बरवै' को महाकवि तुलसी का एक 'संग्रह ग्रंथ' ही मानते हैं।[1]

भाषा और शैली की दृष्टि से भी बरवै रामायण महाकवि तुलसीदास का ग्रंथ ज्ञात होता है, किन्तु जिस बरवै रामायण को अब तक तुलसी रचित होने की मान्यता प्राप्त है, वह संभवतः वास्तविक बरवै रामायण नहीं है। या तो वह 'बरवै' नाम से एक स्वतंत्र ग्रंथ है या वास्तविक बरवै रामायण का अत्यंत अव्यवस्थित व्यत्ययित लघु-पाठ है जिसमें तुलसी के अन्य ग्रंथों में कही गई राम-कथा का विकृत कंकाल-मात्र है। न तो उसका प्रारम्भिक भाग ही कथा-रूप से आरम्भ होता है और न अंत में ही कथा का पर्यवसान है। आलंकारिक रूप से विविध कांड स्थितियों के बिम्ब-मात्र हैं और उत्तर कांड तो कथा-रहित भक्ति का उपदेश ही है।

खोज-विवरणों में बरवै रामायण की अनेक हस्तलिखित प्रतियों का उल्लेख हुआ है। कुछ अन्य प्रतियाँ विविध स्थानों से भी प्राप्त हुई हैं। इन प्रतियों के पाठ नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित बरवै रामायण के पाठ से भिन्न हैं। इन भिन्न पाठों में जहां राम-कथा विस्तारपूर्वक वर्णित की गई है, वहां महाकवि तुलसी की कथा-विषयक प्रवृत्ति, काव्य-सुषमा और भाषा-शैली भी लक्षित हुई है। इनमें से अनेक प्रतियाँ प्राचीन भी हैं। अतः इन प्रतियों के द्वारा बरवै रामायण का एक अत्यन्त व्यवस्थित रूप प्राप्त होता है, जो बरवै रामायण के मुद्रित पाठ से बहुत भिन्न है।

---

१. तुलसीदास (डॉ० माताप्रसाद गुप्त) पृ० २४५।

इस संदर्भ में जितने प्रकार की हस्तलिखित प्रतियां प्राप्त हैं, उनकी कोटियों का निर्धारण आवश्यक है—

पहली कोटि (क)

पहली कोटि उन प्रतियों की है जो नागरी प्रचारिणी सभा की मुद्रित प्रति से समानता रखती हैं। नागरी प्रचारिणी सभा की मुद्रित प्रति में केवल ६९ बरवै छंद है। छंदों का विभाजन इस प्रकार है—

बालकांड	छंद १९
अयोध्याकांड	८
अरण्यकांड	६
किष्किंधाकांड	२
सुन्दरकांड	६
लंकाकांड	१
उत्तरकांड	२७
कुल–	६९ छंद

सभी प्रतियो मे कांडों के उपर्युक्त सीमा-विस्तार में लिखे गये ६९ छंद हैं। उन प्रतियों का विवरण इरा प्रकार है—

(१) यह प्रति नागरी प्रचारिणी सभा काशी मे सुरक्षित है। (प्रति संख्या २७४४।१६५३) यह पूर्ण है। इसमें पांच पत्र हैं। छन्द संख्या ६९ लिपिकाल संवत् १९०४ वि०।

आरंभ का अंश

श्री गनेस जू ॥ श्री सरसुती जू ॥ अथा लिषते ॥ श्री गुसाईं तुलसीदास कृते ॥ बरमै रामायन ॥ प्रथम बालकांड ॥

केस मुकुत सषि मरकत मनिमय होत।
हाथ लेत पुनि मुकता करत उदोत॥

अंत का अंश

जन्म जन्म जह जह तन तुलसिहि देहु।
तह तह राम निवाहव राम सनेहु ॥६९॥

पुष्पिका—इति तुलसीदास कृते उत्तर कांड
वरमै रामाइन संपुरन स्मापता ॥
कातिक ॥ सुदि ३ ॥ संवतु १९०४ ॥
मुकाम माधौगढ़ ॥ श्री सीताराम जू ॥

(२) यह प्रति नागरी प्रचारिणी सभा काशी मे सुरक्षित है। (प्रति संख्या २७४१।१६५२) प्रति पूर्ण है। इसमें पाच पत्र हैं। छन्द सख्या ६९, लिपि-काल संवत् १९०८ वि०।

आरंभ का अंश

श्री गनेश जू ॥ श्री सरसुती जू ॥ अथः लिषते ॥
श्री गुसाई तुलसीदास कृते वरमै रामायन ॥ प्रथम वालकांड॥

केस मुकुत सषि मरकत मनिमय होत।
हात लेत पुनि मुक्ता करत उदोत ॥

अंत का अंश

जन्म जन्म जह जह तन तुलसिहि देहु।
तह तह राम निवाहव राम सनेहु ॥६९॥

पुष्पिका—इति श्री तुलसीदास कृते
उत्तरकांड वरमै रामाइन संपूरन
स्मापता ॥
कार्तिक सुदि ३ ॥ संवतु १९०८॥
मुकाम माधौगढ़॥ श्री सीतारामजू ॥

(यह प्रति पहली प्रति की ही चार वर्ष वाद की गई प्रतिलिपि ज्ञात होती है।)

(३) प्राप्ति स्थान अज्ञात। लिपि काल संवत् १९०९।

छन्द संख्या	छन्द संख्या
१६	१७
१७	१८
१९	१८

इस प्रति का आरंभ इस प्रकार है।

श्री गणेशायनमः

वड़े नयन कट भृकुटी भाल बिसाल।
तुलसी मोहत मर्नाहि मनोहर बाल॥

अंत का अंश

जनम जनम जहं जहं तनु तुलसीहु देहु।
तहं तहं राम निबाहिव नाम सनेहु॥६९॥

इति श्री बरवै रामायणे श्री गुसाई
तुलसीदास जी कृते उत्तरकांडः समाप्तः॥

श्री रामो जयतु॥

ज्ञात होता है कि इस प्रति में कथा को क्रमिक रूप देने की चेष्टा की गई है। अन्य प्रतियों में जहाँ आरम्भ में सीता का सौंदर्य-वर्णन है, वहाँ इसमें पहले राम का सौन्दर्य-वर्णन है। उसके उपरान्त सीता-सौन्दर्य, धनुर्भंग और सखियों का परिहास है। इसमें कथा का विस्तार नही है, कथा-क्रम अवश्य है।

इसके अतिरिक्त इन्ही प्रतियों में बरवै रामायण का एक और पाठ मिलता है। जिसमे छन्द तो ६९ ही है किन्तु वालकाण्ड में १९ के स्थान पर २० छन्द मिलते है। यह अन्तर प्रति (४) में है।

यह छन्द जो अन्य किसी प्रति मे नही है, इस प्रकार है—

विदा होत विमलेश्वर सुतन समेत।
रहे प्रान तन सजनी कहु किहि हेत॥९॥

इस छन्द को उन्नीसवी संख्या देकर प्रति (२) के उन्नीसवें छंद—

सींक धनुष हित सिखत सकुच प्रभु लीन।
मुदित मांगि इक धनुही नृप हँसि दीन॥

को बीसवीं संख्या दी गई है। बालकाण्ड मे इस एक छन्द के बढ़ने से बरवै रामायण की कुल छन्द संख्या ६९ के स्थान पर ७० होती है किन्तु इस स्थिति को बचाने के लिए अयोध्या कांड के दो छंदों को एक ही संख्या (२२) देकर अंत में ६९ छन्दों का निर्वाह कर लिया गया है। इससे यह स्पष्ट है कि प्रति (४) में ७० छन्द हैं, यद्यपि अन्तिम छन्द संख्या ६९ ही डाली गई है।

इन प्रतियों मे छन्द व्यत्यय भी हुआ है। प्रति (५) में बालकांड का अन्त उन्नीसवे छन्द से इस प्रकार होना है—

उठी सखी हँसि मिस करि कहि मृदु बैन।
सिय रघुवर के भये उनींदे नैन॥१९॥

यह अन्तिम १९ वाँ छन्द बालकाण्ड के कथा-क्रम मे तो स्वाभाविक है किन्तु प्रति (२) और प्रति (४) मे यह अठारवाँ छन्द है। प्रति का उन्नीसवाँ और प्रति (४) का बीसवाँ छन्द (जिसका निर्देश ऊपर हो चुका है और) जिससे काण्ड समाप्त होता है, वह इस प्रकार है—

सींक धनुष हित सिखन सकुच प्रभु लीन्ह
मुदित माँगि इक धनुहीं नृप हँसि दीन॥

काशी नागरी प्रचारिणी सभा मे प्रकाशित बरवै रामायण के बालकांड में भी यही अन्तिम छन्द है किन्तु प्रति (५) मे यह अन्तिम छन्द न होकर आठवां छन्द है जो प्रसंगत: अनुकूल भी प्रतीत होता है। इस भाँति प्रति (५) का आठवां छन्द, प्रति (२) का उन्नीसवां और प्रति (४) का बीसवाँ है और प्रति (२) और प्रति (४) का अट्ठारहवाँ छन्द प्रति (५) का उन्नीसवाँ छन्द है।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि किंचित् पाठान्तर और छन्द-व्यत्यय होते हुए भी उपर्युक्त पाँचों प्रतियाँ एक ही कोटि की प्रतियाँ है क्योंकि वर्णन

शैली और प्रसंगों की एकरूपता के साथ छन्द-संख्या ६९ ही रखी गई है। ऐसा ज्ञात होता है कि इन प्रतियों की सहायता लेकर प्रति (२) के आधार पर ही नागरी प्रचारिणी सभा, काशी ने बरवै रामायण का प्रकाशन किया है। इस शाखा में बरवै रामायण का ६९ छन्दों में लघु पाठ होने के कारण इन प्रतियों को (ल) संज्ञा दी गई है।

दूसरी कोटि (ख)

खोज सम्बन्धी विवरण-ग्रंथों ने 'बरवै रामायण' के वास्तविक और विस्तृत रूप पर प्रकाश पड़ा है। इस सम्बन्ध में अनेक प्रतियाँ प्राप्त हुई हैं जो ६९ छन्दों की परम्परा वाली प्रतियों से अनेक रूपों में भिन्न हैं। प्रस्तुत खोज के आधार पर प्राप्त प्रतियों में ४०५ छन्दों की एक विशिष्ट परम्परा है जिसमें राम-कथा का सम्पूर्ण विस्तार बरवै छन्दों में क्रम से उपस्थित किया गया है। ६९ छन्दों वाली परम्परा न तो राम-कथा को अभिव्यक्ति दे सकी है न उसके आदि में ग्रन्थ-रचना का संकेत अथवा मंगलाचरण है। साथ ही उसमें बरवै की आलंकारिक प्रवृत्ति इतनी साग्रह है कि तुलसी की सहज अभिव्यक्ति से उसका मेल कम हो पाता है। ऐसा ज्ञात होता है कि तुलसी ने मात्र अलंकार निरूपण के लिए ही वे बरवै छन्द लिखे हैं।* संभव है, अपने समकालीन कवि रहीम खानखाना का 'बरवै नायिकाभेद' अथवा महाकवि केशव की 'रामचन्द्रिका' की प्रवृत्ति तुलसी में भी परोक्ष रूप से काम कर रही हो। तुलसी 'प्राकृत' विषयों पर कविता नहीं लिखते थे। अतः उन्होंने अलंकार अथवा काव्य के अन्य अंगों के निरूपण के लिए जो छन्द लिखे हों

---

*इसके कुछ उदाहरण देखे जा सकते हैं:-

केस मुकुत सखि मरकत मनिमय होत।
हाथ लेत पुनि मुकुता करत उदोत ॥ १ ॥ (अतद्गुण)
सम सुवरन सुखमाकर सुखद न थोर।
सीय अंग सखि कोमल कनक कठोर ॥ २ ॥ (व्यतिरेक)

वे अपने इष्ट राम और सीता मे ही सम्बन्ध रखने वाले हों। इस भाँति उनके मुक्त बरवै छन्दों को बाद के भक्तों ने 'बरवै रामायण' का रूप दे दिया हो। किन्तु ४०५ छन्दों वाली परम्परा में राम-कथा का निर्वाह जितनी सहजता से

सिय मुख सरद कमल जिमि किमि कहि जाय।
निसि मलीन वह, निसिदिन यह विगसाय॥ ३॥ (व्यतिरेक)
बड़े नयन, कटि, भृकुटी भाल विसाल।
तुलसी मं.हत मनहि मनोहर बाल॥४॥ (समुच्चय)
चंपक हरवा अंग मिलि अधिक सोहाय।
जानि परै सिय हियरे जब कुंभिलाय॥५॥ (उन्मीलित)
सिय तुव अंग रंग मिलि अधिक उदोत।
हार बेलि पहिरावो चंपक होत॥६॥ (तद्गुण)

... ...

गरब करहु रघुनंदन जनि मन माँह।
देखहु आपनि मूरति सिय के छाँह॥१७॥ (प्रतीप)

.. ..

द्वै भुज कर हरि रघुवर सुन्दर वेष।
एक जीभ कर लछिमन दूसर शेष॥२७॥ (अभेद रूपक)
वेद नाम कहि अंगुरिन खंडि अकास।
पठयो सूपनखाहि लषन के पास॥२८॥ (कूट काव्य)

... ...

जटा मुकुट कर सर धनु संग मरीच।
चितवनि बसत कनिखयनु अखियनु बीच॥३०॥ (स्वभावोक्ति)

... ...

अब जीवन कै है कपि आस न कोय।
कनगुरिया कै मुंदरी कंकन होय॥३८॥ (अतिशयोक्ति)

सभी छन्दों में आलंकारिक दृष्टि देखी जा सकती है।

हुआ है, उसमे सन्देह के लिए कम स्थान रह जाता है। हिन्दी-साहित्य के साहित्यकार तथा तुलसी के मर्मज्ञ इस पाठ के सम्बन्ध में सर्वथा मौन है। इस प्रकार सामान्यतः बरवै रामायण के पाठ की दो पृथक् परम्पराएँ है, प्रथम का सम्बन्ध ६९ छन्दों मे है, तथा दूसरी का ४०५ छन्दों से।

दूसरी कोटि की प्रतियों का विवरण इस प्रकार है—

(६) यह प्रति हिन्दी साहित्य सम्मेलन की कृपा से देखने को प्राप्त हुई। यह संवत् १८९५ वि० मे श्री अयोध्यादास ने निज पाठार्थ लिखी थी। यह प्रति पूर्ण है।

इसमे काण्डों का विस्तार निम्न प्रकार से है—

बालकाण्ड	छन्द संख्या १३८
अयोध्याकाण्ड	छन्द संख्या ८९
अरण्यकाण्ड	छन्द संख्या ४४
किष्किधाकाण्ड	छन्द संख्या १६
सुन्दरकाण्ड	छन्द संख्या १५
लंकाकाण्ड	छन्द संख्या ४९
उत्तरकाण्ड	छन्द संख्या ५४
	कुल संख्या ४०५

इस प्रति का आरंभ इस प्रकार है—

अथ बरवै रामायण लिख्यते।

श्री मते रामानुजाय नमः॥

गन नायक वरदायक देव मनाए।
बिघन बिनासक, बरन प्रकासक होहु सहाए॥

अंत का अंश इस प्रकार है—

सोई गुनवंत ज्ञान रत परम बिचार।
तुलसिदास के स्वामी परम उदार॥५४॥

पुष्पिका—इति बरवै रामायने तुलसी कृते उत्तर काण्ड सप्तमो सोपान समाप्त॥

लि: अजोव्यादास निज पाठार्थ । सं० । १८९५
मी० मा० सु० १२ वारःर. . .श्री बलदेव (व) मंदिरे॥

श्री अजोव्यादास के निज पाठार्थ लिखित होने के कारण इस प्रति की संज्ञा (अ) है।

(७) यह इस विवरण क्रम की सातवीं प्रति है। यह महाराज बनारस के पुस्तकालय मे है, नागरी प्रचारिणी सभा काशी के १९०३ के खोज-विवरण में उल्लिखित हुई है। इसकी विडा संख्या—४८ तथा पुस्तक संख्या—११४।४५ है। यह प्रति कागज पर है जिसका आकार "१०.३ × ५" है। पत्र संख्या—२४, पंक्ति प्रति पृष्ठ—७, अक्षर प्रति पंक्ति—४५, स्थिति-पूर्ण, छन्द संख्या—४०५, लिपि-नागरी, रचना काल-अज्ञात, लिपिकाल—स० १८७३ वि०।

इसमें कांडो का विस्तार निम्न प्रकार से है—

बाल काण्ड	छन्द संख्या	१३७
अयोध्या काण्ड	छन्द संख्या	१२०
अरण्य काण्ड	छन्द संख्या	४८
किष्किधा काण्ड	छन्द संख्या	१६
सुन्दर काण्ड	छन्द संख्या	३४
लंका काण्ड	छन्द संख्या	२०
उत्तर काण्ड	छन्द संख्या	३०
	कुल संख्या	४०५

श्री गणेशाय नमः । अथ बरवा रामायन लिषते॥

आरंभ का अंश बरवा

गन नायक वर दायक देव मनाय।
विघन विनास प्रकासक होउ सहाय॥

अंत का अंश

सीता राम लषन संग मुनि के साज।
तुलसी चित चित्रकूटहिं बस रघुराज॥४०५॥

आरंभ के दो पत्र न होने के कारण प्रति का आरंभ १६ वें छन्द से मिलता है जो इस प्रकार है:–

अस्तुति करि सुर गमने निज निज लोक।
प्रगटे प्रभु हरि लीन्हें सुर द्विज सोक।।१६।।

अंत का अंश इस प्रकार है:—

तुलसी कहेउ राम जस जो मन बुधि।
सोवत बीते काल वहु अब करु सुधि।।७।।

पुष्पिका—इति श्री गुंसाई तुलसीदास कृत
वरमै ।।रामाइन।। उत्तर काण्ड।।
संपूरन ।।स्मापता।। १७ ।।
मिती ।।सुभ।। माह।। बदि ८।।भौमे।। संवत् १९०८

इस प्रति के वाल काण्ड मे राम-कथा का वर्णन-विस्तार प्रति (६) और (७) की भाँति ही है, यद्यपि कुछ छन्द छोड़ दिये गये हैं। अयोध्या काण्ड मे भी विस्तार मे कमी की गई है। परवर्ती काण्डों में यह प्रति लगभग वही रूप ले लेती है जो (ल) कोटि की प्रतियो मे है। अरण्य काण्ड से छन्द-संगति प्रति (७) से अवश्य हो जाती है। कथा का विस्तार मध्यम रूप से होने के कारण इस प्रति को सज्ञा (म) दी गई है।

तीसरी कोटि (ग)

(११) नागरी प्रचारिणी सभा, काशी के हस्तलिखित हिन्दी ग्रन्थों के त्रयोदश वार्षिक विवरण (सन् १९२६-१९२८) मे वरवै रामायण की एक प्रति का उल्लेख है जो महाराजा पुस्तकालय प्रतापगढ़ (अवध) में सुरक्षित है। प्रतापगढ़ से प्राप्त होने के कारण इस प्रति को (प्र) संज्ञा दी गई है। इसका लिपिकाल संवत् १७९७ वि० है। विवरण में यद्यपि इसे पूर्ण कहा गया है तथापि इसका कथा-भाग आदि से आरंभ न होकर मध्य से आरंभ होता है। यह नीचे द्रष्टव्य है:–

आदि

श्री रामो जयति श्री राम सीता। श्री गणेशाय नमः॥

राग विरवैं

सीय राम अरु लषन चले मग जाहिं।
ग्राम नारि नर निरषत रूय (?) लुभाहिं॥
सजल नयन तन पुलकित गदगद वैन।
कहहिं निछावर करिये कोटिक मैन॥
जेहि जेहि गाऊ गोड़वा निकसहिं जाइ।
देप वैह (?) के मनहिं लेहि संग लाइ॥
सोभा कहि नहिं सकहि देषि मन मोह।
जनु वसंत रति सहित मदन वनु सोह॥

अंत

(तुलसी) सुमिरत राम सुलभ फल चारि।
वेद पुरान पुकारत कहत पुकारि॥
राम नाम पर तुलसी नेह निवाहु।
येहि ते नहीं अधिक कछु जीवन लाहु॥
दोष दुरित दुष दारिद दाहक नाम।
सकल सुमंगल दायक तुलसी राम॥

अधूरी कथा का यथा-सम्भव निर्वाह करते हुए भी प्रारंभ के छन्द वरवैं रामायण की अन्य किसी भी प्रति में नहीं पाये जाते। अंत के तीन छन्द (ल) कोटि की प्रति (२), (४) और (५) प्रतियों में ५६, ५७ और ५८ छन्दों के रूप में अवश्य प्राप्त होते हैं। वरवैं रामायण की मुद्रित प्रति में भी इसी क्रम में ये छन्द हैं। इस प्रति का निर्देश डॉ० माताप्रसाद गुप्त ने भी अपने ग्रन्थ में किया है।[1] वे लिखते हैं—

ज्ञात प्रतियों में सब से प्राचीन कदाचित् सं० १७९७ की है जो प्रतापगढ़ (अवध) के राजकीय पुस्तकालय में है।...मिलने पर पता चला है कि

१. तुलसीदास—डॉ० माता प्रसाद गुप्त, पृष्ठ २०६-२०७।

मुद्रित पाठ के बाल, अयोध्या, अरण्य, किष्किंधा, सुन्दर तथा लंका काण्ड तक के प्रथम बयालिस बरवै तथा उत्तर काण्ड के ५९-६९ बरवै इस हस्त-लिखित प्रति के पाठ में नही मिलते। इनके स्थान पर इस प्रति में पच्चीस अन्य बरवै मुद्रित पाठ के ४३-५८ बरवै के पूर्व आते है। दोनों के उदाहरण के लिए हम निम्नलिखित को ले सकते है, अन्तिम मुद्रित पाठ का तैंतालीसवां है। शेप उक्त प्रति के पाठ के अपने हैं[1] —

(न) जो पै राम न जानेउ सहज सुभाइ।
सत सुरेस सम राजत जीवन जाइ॥
देखि राम छवि बिबुध गए सब सोक।
रचे परन त्रिन साल गए निज लोक॥
सोहत परन कुटी तर सीता राम।
लषन समेत बसहु तुलसी उर धाम॥
(ल) चित्रकूट निज तीर सुतरु तर वास।
लषन राम सिय सुमिरहु तुलसीदास॥

इस पाठ के जो पच्चीस बरवै मुद्रित पाठ में नही मिलते वे इसी आधार पर गोस्वामी जी की रचनाओं से कदाचित् बहिष्कृत नही किये जा सकते, क्योंकि शैली तो उनकी प्रमुख रूप से तुलसीदास जी की ही दिखाई देती है।'

डॉ० माता प्रसाद गुप्त के कथन के अनुसार इस प्रति में २५+१६ बरवै (४१ छन्द) ज्ञात होते है। उपर्युक्त ११ प्रतियों मे बरवै रामायण के पाठ की तीन कोटियाँ (ल), (न) तथा (प्र) प्राप्त होती है जिनमें अनेक शाखाएँ देखी जा सकती है। इनमे परस्पर शुद्ध और संकीर्ण सम्बन्ध भी लक्षित होते है।

---

१. आरंभ के तीन छन्द (न) प्रति में प्राप्त होते है जिनकी क्रम संख्या १८९, १९०, १९१ है।

बरवै रामायण की दूसरी कोटि का पाठ महत्वपूर्ण है जिसमें ४०५ छन्द राम-कथा का सम्यक् निरूपण करते हैं। इस कोटि में तीन प्रतियों द्वारा तीन शाखाओं का स्पष्ट संकेत मिलता है। (न), (अ) और (म) प्रतियाँ वृहत् पाठ का एक कुतूहल पूर्ण रूपान्तर प्रस्तुत करती हैं। तीनों प्रतियाँ वाल काण्ड और अयोध्या काण्ड में न्यूनाधिक छन्दों में एक ही पाठ उपस्थित करती हैं किन्तु परवर्ती काण्डों में (न) और (अ) प्रतियाँ स्वतंत्र छन्दों में (ऐसे छन्दों में जो पाठ की दृष्टि से एक दूसरे से नहीं मिलते) कथा का विस्तार करती हैं। (म) प्रति जो वालकाण्ड और अयोध्या काण्ड में पाठ की दृष्टि से (अ) से मिलती है, परवर्ती काण्डों में अत्यन्त संक्षिप्त रूप ग्रहण कर लेती है और अपने थोड़े छन्दों (अरण्य ३, किष्किंधा ४, सुन्दर ४, लंका ३, उत्तर ७=२१) का पाठ-साम्य केवल (अ) प्रति से ही करती है। परोक्षतः (न) से उसका सम्वन्ध केवल वाल काण्ड और अयोध्या काण्ड में ही देखा जाता है—सो भी ऐसे छन्दों से जो (अ) प्रति में हैं। साथ ही (म) प्रति में कुछ ऐसे भी छन्द हैं (छन्द वाल काण्ड ११७) जो (अ) के १२७-१२८ की प्रथम पंक्तियों को जोड़कर लिखे गये हैं। अरण्य काण्ड के पहले छन्द में (अ) प्रति के चौथे छन्द से पंक्ति भेद कर दिया गया है। इस प्रकार के पंक्ति-भेद (अ) प्रति के पाठ से अनेक स्थलों पर हैं। उत्तर काण्ड के दो छन्द ६ और ७ (अ) प्रति से विल्कुल भिन्न हैं जो एक अलग प्रशाखा का संकेत करते हैं। किन्तु यह स्पष्ट देखा जा सकता है कि (म) प्रति अधिकांश रूप से (अ) प्रति का ही अनुसरण करती है। यह निश्चित ज्ञात होता है कि (अ) प्रति की किसी शाखा का ही वह मध्यम रूपान्तर हो। यह रूपान्तर वृहत् पाठ-परम्परा से ही अनुवंधित है।

किंचित् पाठ-साम्य की दृष्टि से हम (ल) और (प्र) कोटियों पर भी विचार करें। यह पहले ही लिखा जा चुका हैकि राम-कथा की दृष्टि से (ल) कोटि का कोई महत्व नही है। राम और सीता को लेकर उसमें कुछ प्रसंगों के आलंकारिक चित्रमात्र है। केवल ६९ छंदों में राम सम्वन्धी कुछ प्रसंगो का एक लघु रूपान्तर है। पाठ-साम्य की दृष्टि से ६९ छन्दों में से केवल एक छन्द

(अरण्य २८) (न) प्रति के (अरण्य २८१) और (अ) प्रति के (अरण्य २८) से मिलता है। १३ छन्द उत्तर काण्ड के (४४, ४६, ४८, ४९, ५०, ५१, ५२, ५३, ५४, ५५, ६३, ६४ और ६७) (न) प्रति के अयोध्या काण्ड के (क्रमशः १९२, १९३, १९५, १९६, १९७, १९८, १९९, २००, २०२, २०१, २०३, २०४, २०५) से और (अ) प्रति के अयोध्या काण्ड के (क्रमशः ५५, ५६, ५८, ५९, ६०, ६१, ६४, ६५, ६६, ६७, ६८) १३ छन्दों से पाठ-साम्य रखते हैं। इस भाँति (ल) और (न) में केवल १४ छन्दों की एकरूपता है यद्यपि उनमें १३ छन्दों का स्थान-विपर्यय है। (ल) का उत्तर-काण्ड, (न) का अयोध्या काण्ड है।

इसी भाँति प्रशाखा (प्र) की प्रति अपने पूर्वार्द्ध में (न) प्रति से साम्य रखती है और उत्तरार्द्ध मे (ल) प्रति से। किन्तु आदि के छन्द ऐसे भी है जो किसी अन्य प्रति में प्राप्त नही होते। फलस्वरूप पाठ-साम्य की दृष्टि से बरवै रामायण की प्रतियो का वंश-वृक्ष कुछ इस प्रकार होगा—

इस वंशवृक्ष में वृहत् रूपान्तर की (न) प्रति अधिक शुद्ध और मूलादर्श के निकट ज्ञात होती है। (न) प्रति अपने पाठ में (जौ १) और (जौ २) से समर्थित है और काव्य-पक्ष से गोस्वामी तुलसीदास की शैली के अनुरूप है। ऐसी स्थिति में (न) प्रति के आधार पर जिसमें (जौ १) और

(जौ २) अन्तर्भूत है, वरवै रामायण के पाठ का सम्पादन करना समीचीन है।

वरवै रामायण की रचना तिथि——

प्राप्त प्रतियों मे केवल (अ) प्रति ही है जिसमें ग्रन्थ की रचना-तिथि का उल्लेख है। यह उल्लेख आरंभ में ८ वे और ९ वे छन्द मे है——

९ ७ ६ १
षंड दीप रस इंदुहि संमत जान।
दामोदर सुत नन्दन (?) छति (सित?) तिथि वेद बखान॥८॥
वलि प्रोहित मीन दुघरि (या?) वालव देषि।
तुलसी करि प्रभु ध्यानहिं रामहि पेषि॥९॥
(षंड = ९, दीप (द्वीप) = ७, रस = ६, इन्दु = १)

अंकानां वामतो गतिः के अनुसार संवत् १६७९।

इसका तात्पर्य यही है कि संवत् १६७९ में दामोदर सुत (तुलसीदास) ने छिति (सित) शुक्ल। प्रतिपदा मे शुक्र (वलि प्रोहित) ने जव मीन राशि मे दो घड़ी व्यतीत की तव वालव योग मे तुलसी ने ध्यान मे राम को देख कर यह ग्रन्थ निर्मित किया। तुलसीदास की मृत्यु संवत् १६८० मे हुई। इस प्रकार तुलसीदास ने अपनी मृत्यु के एक वर्ष पूर्व इस ग्रन्थ की रचना की। तिथि का इतना स्पष्ट उल्लेख विवेच्य विषय है।

कवि-परिपाटी के अनुसार अंको का उल्लेख सांकेतिक शब्दों से किया जाता है। अंको के साथ साथ नामो को भी पर्याय रूप से लिखा जाता है। दामोदर पर्याय है मुरारि का और वलि प्रोहित पर्याय है शुक्र का। पं० रामचन्द्र शुक्ल ने 'तुलसी चरित' के आधार पर मुरारी मिश्र को तुलसीदास का पिता निर्दिष्ट किया है। इस छन्द की दृष्टि से 'तुलसी चरित' की प्रामाणिकता पर फिर से विचार होना चाहिए।

उपर्युक्त रचना-तिथि के आधार पर वरवै रामायण तुलसीदास की अन्तिम रचना सिद्ध होती है। रचना-काल के सम्बन्ध मे अभी तक तीन मतों का उल्लेख हुआ है——

१. श्री सद्गुरुशरण अवस्थी बरवै रामायण को तुलसीदास की 'पूर्व कालिक कृतियों' मे मानते हैं क्योंकि 'इस कृति में कवि की अलंकार-प्रियता दर्शित होती है।'[१]

२. डॉ० श्यामसुन्दर दास ने लिखा है कि 'बरवै की रचना गोस्वामी जी ने रहीम के बरवै देख कर सं० १६६९ मे की थी।'[२]

३. डॉ० माता प्रसाद गुप्त ने लिखा है कि 'बरवै मे कुछ ऐसे छन्द आते हैं जिनमे निकट आती हुई मृत्यु की धुँधली प्रतिच्छाया से कवि प्रभावित दिखाई पड़ता है। इस प्रकार के कुछ छन्द निम्नलिखित हैं—

> भरत कहत सब सब कहँ सुमिरहु राम।
> तुलसी अब नहिं जपत समुझि परनाम॥
> तुलसी राम नाम सम मित्र न आन।
> जो पहुँचाव रामपुर तन अवसान॥
> नाम भरोस नाम बल नाम सनेहु।
> जनम जनम रघुनंदन तुलसिहि देहु॥
> जनम जनम जहँ जहँ तन तुलसिहि देहु।
> तहँ तहँ राम निबाहब नाम सनेहु॥'[३]

डॉ० माता प्रसाद गुप्त का अनुमान उपर्युक्त रचना-तिथि से मेल खाता है। अतः बरवै रामायण की रचना तिथि सं० १६७९ निश्चयात्मकता की ओर संकेत करती है। तुलसीदास की रचना-शैली की दृष्टि से भी बरवै रामायण की शैली पुष्ट और प्रौढ़ है। अतः यह रचना निश्चित रूप से तुलसीदास की काव्य-रचना में उत्तर-काल की है।

---

१. तुलसी के चार दल—(सद्गुरुशरण अवस्थी), पृष्ठ १०२।
२. गोस्वामी तुलसीदास—(श्यामसुन्दरदास) पृष्ठ, १००।
३. तुलसीदास—(डॉ० माता प्रसाद गुप्त) पृष्ठ, २४६।

सम्पादन के लिए प्रयुक्त प्रतियाँ

बरवै रामायण का पाठ जो तीन कोटियो में विभाजित है, उनमें ग्यारह प्रतियों का उल्लेख हुआ है। इन ग्यारह प्रतियों में पाँच पहली कोटि में है, पाँच दूसरी कोटि में और एक तीसरी कोटि मे है। इन प्रतियो के संपरीक्षण से जो उनका वंश-वृक्ष निरूपित हुआ है, उसके आधार पर तीन प्रतियाँ सम्पादन के कार्य मे विशेष उपयोगी सिद्ध होती हैं। वे प्रतियाँ प्रदत्त सज्ञा के अनुसार 'न', 'अ' और 'म' प्रतियाँ है। इन प्रतियो के अतिरिक्त इनमे पृथक् परम्परा की ६९ छन्दो वाली 'ल' प्रति का भी उपयोग किया गया है, यद्यपि छन्द-साम्य की दृष्टि से उनका महत्व अधिक नही है।

आधेय प्रतियों के समान छन्दों की स्थिति

उपर्युक्त तीन प्रतियाँ बरवै रामायण के वृहत् पाठ से पूर्णत या अशत. संबन्धित है किन्तु इसका यह अर्थ नही है कि इनमे छन्दो की पूर्णरूपेण समानता वर्तमान है। इनके अनेक छन्द परस्पर भिन्न हैं और भिन्नता की इस स्थिति से पाठ-सपादन पर पर्याप्त प्रभाव पडा है। इनके छन्दों की वास्तविक संख्या इस प्रकार है—

छन्दों की वास्तविक संख्या

काण्ड	प्रति (न)	प्रति (अ)	प्रति (म)	प्रति (ल)
बाल काण्ड	१३७	१३८	१२०	१९
अयोध्या काण्ड	१२०	८९	२५	८
अरण्य काण्ड	४८	४४	३	६
किष्किंधा काण्ड	१६	१६	४	२
सुन्दर काण्ड	३४	१५	४	६
लंका काण्ड	२०	४९	३	१
उत्तर काण्ड	३०	५४	७	२७
कुल	४०५	४०५	१६६	६९

इस सारिणी से स्पष्ट है कि प्रति (न) और प्रति (म) एक ही परम्परा का अनुसरण करती हुई ज्ञात होती है। प्रति (म) मे संक्षिप्तीकरण की प्रवृत्ति लक्षित होती है और प्रति (ल) विविध काण्डो के अनुपात रहित परिमाण से आक्रान्त है। प्रति (न) और प्रति (अ) जो एक ही परम्परा से पोषित ज्ञात होती है, उनके छन्दो में कितनी समानता है, यह देखना उचित है।

प्रति (न) और प्रति (अ) में समान रूप से प्राप्त होने वाले छन्दों की संख्या

काण्ड	प्रति (न) कुल संख्या	प्रति (न) समान संख्या	प्रति (अ) कुल संख्या	प्रति (अ) समान संख्या
बाल काण्ड	१३७	१३६ छन्द संख्या १०६ (अ) प्रति में नही है।	१३८	१३६ छन्द संख्या ८ और ९ (न) प्रति मे नहीं है।
अयोध्या काण्ड	१२०	४२ (१३८-१४९ = १२ (१७७-२०५ = २९ २२३ — १ अतिरिक्त छन्द ४२ ७८	८९	४२) १-१२ = १२ २७-५५ = २९ ६६ = १ अतिरिक्त छन्द ४२ ४७
अरण्य काण्ड	४८	४ (२६०, २८१, २९३, २९९) अतिरिक्त छन्द ४४	४४	४ (४, १४ १७, ३० = ४ अतिरिक्त छन्द ४०
किष्किंधा काण्ड	१६	×	१६	×
सुन्दर काण्ड	३४	×	१५	×
लंका काण्ड	२०	×	४९	×
उत्तर काण्ड	३०	×	५४	×
कुल संख्या	४०५	१८२	४०५	१८२

इस भाँति यद्यपि (न) और (अ) प्रतियो में छन्द संख्या ४०५ समान है किन्तु समान रूप से प्राप्त होने वाले छन्दो की संख्या (१३६+४२+४) = १८२ है। २२३ छन्द दोनों प्रतियो मे अलग-अलग पाठ-भेद से लिखे गये

है। समानता रखने वाले छन्द दोनों प्रतियों के वाल काण्ड में लगभग शत प्रतिशत है। अयोध्या काण्ड में (न) प्रति की छन्द-संख्या में लगभग ३५ प्रतिशत और (अ) प्रति की छन्द-संख्या मे लगभग ५० प्रतिशत है। अरण्य काण्ड मे (न) प्रति की छन्द-संख्या मे ८.३ प्रतिशत और (अ) प्रति की छन्द-संख्या मे ९ प्रतिशत है। किष्किंधा से उत्तर काण्ड तक दोनों प्रतियाँ अलग-अलग छन्दों में लिखी गई है। समान छन्दों का एकदम अभाव है। पाठ की दृष्टि से (न) प्रति के छन्द (अ) प्रति के छन्दों की अपेक्षा तुलसीदास की काव्य-शैली के अधिक समीप है।

(न) प्रति और (म) की समानता पर विचार करने के उपरान्त (न) प्रति और (म) प्रति की समानता पर भी एक दृष्टि डाल लेना उचित होगा। प्रति (न) और प्रति (म) मे समान रूप से प्राप्त होने वाले छन्दों की सख्या

काण्ड	प्रति (न) कुल संख्या	समान संख्या	प्रति (म) कुल संख्या	समान संख्या
वाल काण्ड	१३७	—	१२०	१६-१२०
		१६-१०५=९०	१-१५ तक	
		१०७-११३=७	खडित	=१०५
		११५, १२०=२		
		१२३, १२४, १२७		
		१२९, १३४, १३५		
		१०५		
अयोध्या काण्ड	१२०	१३८-१४०=३	२५	१-६=६
		१४२,१४४,१४५,=३		१४-१७=४
		१७७, १७८=२		१०
		१८५, १८७=२		
		१०		
अरण्य काण्ड	४८	२६०, ३०२=२	३	१-३=३
		३०३=१		
		३	३	३
किष्किंधा काण्ड	१६	×	४	×
सुन्दर काण्ड	३४	×	४	×
लका काण्ड	२०	×	३	×
उत्तर काण्ड	३०	×	७	×
कुल	४०५	११८	१६६	११८

(न) प्रति और (म) प्रति में अरण्य काण्ड के वाद लगभग वैसा ही पार्थक्य है जैसा (अ) प्रति में है। पूर्व के वाल काण्ड, अयोध्या काण्ड और अरण्य काण्ड में जो समान छन्द मिलते हैं (वाल काण्ड मे १०५, अयोध्या में १० और अरण्य में ३) उनकी संख्या ११८ है। (न) प्रति के वाल काण्ड में समान छन्दो की संख्या लगभग ८० प्रतिशत है, और (म) प्रति में लगभग ९० प्रतिशत। अयोध्या काण्ड मे क्रमश: ८ प्रतिशत और ४० प्रतिशत है, अरण्य काण्ड में यह प्रतिशत (न) प्रति में लगभग ६ और (म) प्रति मे शत प्रतिशत है। अरण्य काण्ड से लेकर उत्तर काण्ड तक (न) प्रति के १०० छन्द और (म) प्रति के २१ छन्द एकदम एक दूसरे से भिन्न हैं।

अव (अ) प्रति और (म) प्रति मे समान-छन्दों की संख्या देख लेना चाहिए।

प्रति (अ) और प्रति (म) के समान छन्द

काण्ड	प्रति (अ) कुल संख्या	समान संख्या	कुल संख्या	प्रति (म) समान संख्या
वाल काण्ड	१३८	१०५	१२० छन्द १ से १५ तक खंडित	१६-१२० १०५ छन्द
अयोध्या काण्ड	८९	२५	२५	१-२५ २५ छन्द
अरण्य काण्ड	४४	३	३	१-३ ३ छन्द
किष्क्धा काण्ड	१६	४	४	१-४ ४
सुन्दर काण्ड	१५	४	४	१-४ ४ छन्द
लंका काण्ड	४९	३	३	१-३ ३ छन्द
उत्तर काण्ड	५४	५	७	१-५ ५ छन्द
कुल	४०५	१४९	१६६	१४९

उपर्युक्त सारिणी से ज्ञात होता है कि (अ) और (म) प्रतियाँ अपनी परम्परा में बहुत साम्य रखती हैं। (न) प्रति और (अ) प्रति तथा (न) प्रति और (म) प्रति में अरण्य काण्ड के बाद जैसा पार्थक्य (अ) और (म) प्रतियों में नहीं है। देखा तो यह जाता है कि (म) प्रति के अन्तिम दो छन्दों को छोड़कर समस्त छन्द (अ) प्रति में प्राप्त हो जाते हैं। (न) प्रति के आरंभिक (छन्द १ से १५ छन्द तक) खंडित अंश भी उपर्युक्त साम्य के आधार पर (अ) प्रति के ही छन्द अनुमानित किये जा सकते हैं। (म) प्रति में रचना-तिथि सम्बन्धी (अ) प्रति के छन्द अवश्य छोड़ दिये गये होंगे क्योंकि (न) प्रति (जिसमें रचना सम्बन्धी छन्द नहीं हैं) (म) प्रति के छन्द-क्रम से समानता रखती है। (न) प्रति के बाल काण्ड का १६वां छंद (म) प्रति के बाल काण्ड का भी १६वाँ छन्द है। अतः (म) प्रति में बाल काण्ड के अंतर्गत रचना-तिथि के दो छंद और उत्तर काण्ड के अंतर्गत अंतिम दो छन्द छोड़कर समस्त छंद (अ) प्रति में प्राप्त हैं। ऐसा ज्ञात होता है कि (म) प्रति, (अ) प्रति के किसी रूपान्तर का ही प्रतिरूप है। (देखिए हस्तलिखित प्रतियों का वंश-वृक्ष)।

अब यह देखना शेष है कि (न), (अ) और (म) प्रतियों में समष्टि रूप से समान-छन्दों की संख्या कितनी है। यह निम्नलिखित सारिणी से ज्ञात होता है।

	(न) प्रति	(अ) प्रति	(म) प्रति
बाल काण्ड	१०५	१०५	१०५
अयोध्या काण्ड	१०	१०	१०
आरण्य काण्ड	३	३	३
किष्किधा काण्ड	×	×	×
सुन्दर काण्ड	×	×	×
लंका काण्ड	×	×	×
उत्तर काण्ड	×	×	×
	११८	११८	११८

अतः वरवै रामायण की समस्त शाखाओं की समस्त प्रतियों में विविध काण्डों में ११८ छन्द समान है।

सापेक्ष्य दृष्टि से देखने पर (न) प्रति और (अ) प्रति में १८२ छन्द समान है, (न) प्रति और (म) प्रति में ११८ छन्द समान है तथा (अ) और (म) प्रति मे १४९ छन्द समान है। सारिणी से यह भी ज्ञात होता है कि बाल काण्ड और अयोध्या काण्ड के कथा-विस्तार में (अ) प्रति (न) प्रति का अनुसरण कर रही है तथा (म) प्रति कथा-संक्षेप में (अ) प्रति को आदर्श मान रही है क्योंकि अरण्य काण्ड के अनन्तर (न) प्रति और (अ) प्रति मे जो पार्थक्य है यह (अ) प्रति और (म) प्रति मे नही है। बाल काण्ड और अयोध्या काण्ड मे (म) प्रति (न) प्रति की अपेक्षा (अ) प्रति का ही अनुसरण करती ज्ञात होती है।

प्रतियो के अन्तर्सम्बन्ध की दृष्टि से निम्नलिखित रेखा चित्र छन्दों की स्थिति स्पष्ट करता है—

सम्पादन के संदर्भ में (ल) शाखा की स्थिति

वरवै रामायण का लघु-पाठ जिसे (ल) संज्ञा दी गई है, सम्पादन की दृष्टि से विशेष महत्व नही रखता। इसमे केवल ६९ छन्द है जो स्फुट या मुक्तक कहे जा सकते है। घटनाओ के क्रमिक-विकास की दृष्टि से कथा-प्रवाह का रूप नही रखते। ६९ छन्दों मे केवल १ छन्द अरण्य काण्ड में तथा

१३ छन्द जो (ल) शाखा के उत्तर काण्ड में है, (न) और (अ) प्रतियो के अयोध्या काण्ड से पाठ-साम्य रखते है। अरण्य काण्ड का १ छन्द कूट-काव्य का उदाहरण है तथा लंका काण्ड के १३ छन्द केवल उपदेश-परक है। अतः बरवै रामायण के वृहत्-पाठ में उनकी कोई विशेष उपयोगिता नहीं समझी गई। इसी प्रकार (प्र) प्रति भी पाठ-संदर्भ में कोई महत्व नही रखती हुई ज्ञात होती।

पाठ-मिलान के सन्दर्भ में (न), (अ) और (म) तीनों शाखाओं की प्रतियों में समान ११८ छन्दों के आधार पर प्रामाणिक पाठ खोजने का प्रयत्न किया गया है। इसके पश्चात (न) और (अ) के १८२ समान तथा (म) से पृथक् छन्दों का परस्पर पाठ-मिलान किया गया है। प्रति (न) के शेष २२३ छन्दों का कोई भी पाठान्तर नही मिलता। यही दशा प्रति (अ) के शेष २२३ अलग छन्दों की है जिनकी पाठ-शुद्धि (म) प्रति में समान मिलने वाले छन्दों के आधार पर की गई है और उसका उपयोग (न) प्रति के लिए किया गया है।

मूल-शाखा के पाठ का स्वरूप

प्रस्तुत सम्पादन में मुख्यतः इन्हीं तीनों प्रतियों (न), (अ) और (म) का उपयोग किया गया है। ६९ छन्दों वाली (ल) प्रति का पाठ प्रस्तुत सम्पादन की दृष्टि से नगण्य है। किन्तु इन तीनों प्रतियों के छन्दों और पाठों का तुलनात्मक अध्ययन करने पर तीनों मे पर्याप्त असमानताएं भी परिलक्षित होती है।

यह सही है कि तीनों प्रतियों में ११८ छन्द समान रूप से पाठ-साम्य की दृष्टि से प्राप्त होते है, दो प्रमुख प्रतियो (न) और (अ) में १८२ छन्द एक से ही मिल जाते ह, तीनों प्रतियों में बालकाण्ड का पाठ प्रायः समान है। अयोध्या काण्ड के प्रारम्भिक छन्द तीनो प्रतियों मे प्रायः समान रूप से मिल जाते है और अरण्य काण्ड के तीन छन्द समान है किन्तु किष्किधा, सुन्दर, लंका तथा उत्तर काण्ड का कोई भी (न) प्रति का छन्द (अ) प्रति में नहीं

मिलता। यह वात दूसरी है कि इस (अ) प्रति के भिन्न पाठ से (म) प्रति में इन्हीं काण्डों के १६ छन्द (कि० ४, सु० ४, लं० ३ और उ० ५) मिल जाते है।

वालकाण्ड और अयोध्या काण्ड को छोड़ कर अन्य काण्डों के पाठ-भेद की विविवता के कारण मूल-शाखा के पाठ की खोज के विपय में वैमत्य उठना स्वाभाविक है।

खोज-विवरणों से तथा इस दिशा में अन्वेपण के फलस्वरूप जो-जो उपलब्धियां हुई है, उनके आवार पर पाठ की वास्तविक शाखा की खोज सरलता पूर्वक की जा सकती है। और इस आवार पर (न) प्रति के पाठ को ही मूल शाखा से सम्बद्ध मानना चाहिए। इसके चार प्रमुख कारण है:—

१. भाव एव भापागत दृष्टि से (न) प्रनि का पाठ अविक शुद्ध सभव मौलिक और सुलझा हुआ है तथा महाकवि तुलसी की काव्य-शैली के अविक समीप है।

२. (न) प्रति के मंगलाचरण का समर्थन वृहत-पाठ से सम्वन्वित सभी प्रतियो से होता है। अनेक प्रतियों का मंगलाचरण प्रायः अशुद्ध और छन्दोभंग से दूपित है, (न) प्रति के पाठ का मंगलाचरण इन दोपों से रहित है।

३. (न) प्रति की ४०५ छन्दों की परम्परा (अ) प्रति को भी मान्य है, और (अ) प्रति के सबसे अविक छन्द १८२ (न) प्रति के पाठ से साम्य रखते है।

४. अन्य काण्डो में जहाँ (अ) प्रति (न) प्रति के समान पाठ-साम्य नही रखती, वहां वह अन्यत्र सामान्य और दोपपूर्ण वन कर रह गई है।

यदि प्रति (अ) को प्रामाणिक शाखा का पाठ स्वीकार किया जाय तो उसकी वर्णन-शैली अपरिपक्व और तुलसी की शैली के अनुरूप नही बैठती। सामान्य प्रसंगों की अतिरंजना अनेक प्रक्षेपों की संभावना को जन्म देती है। यद्यपि इस प्रति में वरवै रामायण की रचना-तिथि का उल्लेख है किन्तु प्रक्षेपों के कारण कथा-विस्तार में सानुपातिक दृष्टि का अभाव लक्षित होता

है। यदि प्रति (म) को प्रामाणिक शाखा का पाठ माना जाय तो उसकी स्थिति और भी भ्रामक हो जायगी क्योंकि एक ओर तो (न) प्रति से उसका भ्रमपूर्ण पाठ-भेद है और दूसरे परवर्ती काण्डों की रचना केवल २१ छन्दों में ही समाप्त कर दी गई है। कथा-भाग उतना भी नही है जिससे कोई घटना-क्रम का विवरण प्राप्त कर सके। हां, यदि (अ) प्रति का कोई मूलादर्श प्राप्त हो सके जिसमें प्रक्षेपों का निराकरण हो, तो उसे प्रामाणिक शाखा का पाठ माना जा सकेगा। यों (न) प्रति को आधार मान कर जो ग्रन्थ का सम्पादन किया गया है, उसमें यथास्थान (अ) प्रति से भी यथेष्ट सहायता ली गई है। कुछ स्थलों पर (म) प्रति भी सहायक हुई है।

इस भाँति (न) प्रति के पाठ को ही प्रामाणिक शाखा-का पाठ स्वीकार किया गया है।

स्वीकृत-पाठ की स्थिति तथा पाठ-प्रमाद

तीनों प्रतियो के पाठों की तुलनात्मक स्थिति का अध्ययन कर लेने के पश्चात् यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि तीनों पृथक्-पृथक् परम्पराओं मे सम्बद्ध है। तीनों प्रतियों के पाठों में परस्पर वैभिन्न है और अनेक छंद अपनी रचना में असमान है। छन्दो की समानता बालकाण्ड (सम्पूर्ण) और अयोध्या काण्ड के प्रारंभिक अंशों में है। किन्तु बाद में कथा-शैली और छन्दों में पर्याप्त भिन्नता आ गई है। फलतः सम्पादन के सन्दर्भ में भिन्न स्थलो को छोड़ देने के अतिरिक्त कोई मार्ग नही है। इन भिन्न स्थलों का निर्देश पाद-टिप्पणियों में कर दिया गया है।

प्रति (न) का पाठ अनेक स्थलों पर प्रति (अ) और (म) से वैषम्य रखता है, जहां प्रति (अ) तथा (म) में पाठान्तर-वैषम्य (न) की तुलना में कम है। इस दृष्टि से प्रति (न) के पाठ को प्राथमिकता देते हुए उसके त्रुटित, संशयपूर्ण, खंडित अथवा लुप्त पाठो के लिए (अ) और (म) प्रतियों के पाठों का आधार ग्रहण करना पड़ा है। यह उपयोग ऐसे स्थानों पर अधिक स्पृहणीय हुआ है जहां (अ) प्रति का पाठ (न) से भिन्न रहते हुए भी (म)

प्रति के अनुकूल रहा है। ऐसा लगता है कि (न) और (अ) दोनों की प्रथम प्रतियां भी एक दूसरे से पर्याप्त भिन्न रही होंगी और वे वर्तमान प्रतियों से अधिक शुद्ध, अधिक प्राचीन और अधिक प्रामाणिक रही होंगी। सैद्धान्तिक तथा व्यावहारिक दृष्टि से इन प्रतियों में परस्पर होने वाले पाठ-प्रमादों का संशोधन तथा परिष्करण आवश्यक रूप से किया गया है।

लेखन-प्रमाद अथवा पाठ न पढ़ सकने के कारण विकृतियाँ

लेखन-प्रमाद तथा अन्य विकृतियाँ अधिकतर लिपि से ही सम्बन्ध रखती है। उचित रूप से पाठ न पढ़ सकने के कारण या प्रतिलिपिकार की लेखन-प्रवृत्ति के कारण ये विकृतियां पाण्डुलिपियों में आ जाती हैं। प्रस्तुत पाण्डु-लिपियाँ इन विकृतियों से अछूती नहीं है।

उदाहरण के लिए—

कई स्थलों पर 'ए' को 'रा' के रूप में भी पढ़ लिया गया है।

ए / रा = गए / गरा (छं० सं० ५५)

इसी प्रकार और भी अनेक वर्ण हैं जिनको उचित रूप से न पढ़ने के कारण पाठ-प्रमाद हो गया है—

ट / ठ = उबटि / उबठि (छं० सं० ३०)

छोट / छोठ (छं० सं० ३२)

लटकनि / लठकनि (छं० सं० ३५)

ढ / ठ = मुढारि / सुठारि (छं० सं० ७८)

ड / उ = डर / उर (छं० सं० ५१)

ह / रु = जह / जरु (छं० सं० ५५)

य / प = देपिय / देपिप (छं० सं० ७४)

रु / थ = रुकहि / थकिय (छं० सं० १०४) आदि।

लेखन-रूप से सम्बन्धित यह विकृति कहीं पाठ की दृष्टि से पर्याप्त गंभीर बन गई है।

'ञ' को 'इ' या 'उ' के रूप में पढ़ने के कारण 'वूञ' 'मूञ' पाठ 'वुई', 'मुई' अथवा 'वूड़ सूड़' लिखा गया है। ('ञ' का प्राचीन रूप आधुनिक 'इ' और 'ड' से मिलता जुलता है।)

'प' को ठीक तरह से न पढ़ने के कारण 'पीत' पाठ 'मीत', 'चीत' आदि रूपों में रखा गया है। इसी प्रकार और भी शब्द प्राप्त होते हैं—

ज्ञान / मान (छं० सं० २७३)

वामदेव / रामदेव (छं० सं० २८३)

यहिविधि / महि विधि (छं० सं० २८८)

आपन / आयन (छं० सं० २९०)

बड़ै / बटै (छं० सं० ३१७)

लेखन-रूप के प्रमाद के साथ लेखन सम्बन्धी अनेक त्रुटियाँ इन प्रति-लिपियों में प्राप्त होती हैं। ये त्रुटियाँ एक निश्चित प्रकार की हैं और इनका सम्बन्ध अधिकांशत: प्रतिलिपिकार की लेखन-प्रवृत्ति से ही कहा जा सकता है। कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं—

जोइ, सोइ / जोए, सोए (छं० सं० ४४)

लीन्हे / लीन्ह (छं० सं० २९७)

हरपाइ / हरपाए (छं० सं० ७५)

अहही / अहहि (छं० सं० २५६)

पाइ / पाए (छं० सं० ३४५)

नहाय गवाय, / नहाए, गवाए (छं० सं० २२७) आदि।

इनके अतिरिक्त प्रति (न) में एक विशिष्ट प्रकार की लेखन-प्रवृत्ति के कारण पाठ विषयक कुछ विकृतिया आ गई हैं। यथा:—

पुकारत / प्रकारत (छं० सं० १८१)

हरपाय / हृपाय (छं० सं० २४५)

मेवरी / मेव्ररी (छं० सं० ३०२)

भृकुटि / भ्र ुटि (छं० सं० ९७)

दोनों प्रतियो मे 'हाथ नारि अर' और 'हाथ नारि पर' स्पष्ट नही है। (न) प्रति का पाठ है:—

धरहिं धनुष बल करि करि डगैं न चाप।
वानर हाथ नारियर, लषि तजि आप॥११५॥

(न) प्रति का पाठ है:—

प्रथम जनक जो देषत तो का करि पन।
अब छोड़त अति लज्जा सब हँसि हैं जन॥१११॥

इस छद में लक्षण-दोष हो गया है, वस्तुतः (अ) और (म) प्रति का पाठ ही ठीक समझा जाना चाहिए:—

(अ) प्रति

प्रथम जनक जो देषत आपन कीन।
अब छोड़त लज्जा बड़ भा अति पीन॥

(स) प्रति

प्रथम जनक जो देषत आपन कीन।
अब छोड़त अति लाजहिं भा अति पीन॥

४. इसी संदर्भ में एक छन्द वास्तविक पाठ की कठिनाई उत्पन्न करता है:—

(अ) प्रति

नारि परसपर सब कह ए दोऊ भाय।
लिहे जनम फल आजु हियेहि जग आय॥१०४॥

(म) प्रति

नारि परसपर लषि कहै ये दोउ भाइ।
लेहु अनम कुल आजुहि ये जग आइ॥१०२॥

(न) प्रति

नारि परस्पर लषि कह दोउन भाइ।
लहौरी जन्म फल आजु हिय तर पग आइ ॥१०२॥

वस्तुतः इस छन्द में 'हिय तर पग आइ' अस्पष्ट और भ्रष्ट है। इसका शुद्ध-पाठ निम्नलिखित रूप में चाहिए:—

नारि परस्पर कह लषि दोउन भाय।
लह्यो री जनम फल आजुहि येहि जग आय ॥१०२॥

इसी प्रकार अनेक पंक्तियाँ परस्पर उलझी हुई हैं किन्तु उनका समाधान संदर्भ, तुलसी की शब्द-प्रयोग शैली के आधार पर कर लिया गया है।

इन प्रतियों में पाठ-वृद्धि के भी अनेक उदाहरण मिलते हैं। पंक्तियाँ छन्द-पद्धति छोड़ कर बहुत लंबी और व्याख्यात्मक हो गई हैं। उदाहरण के लिए (न) प्रति में निम्नलिखित छन्द है—तब प्रभु लषि समझावा, मति सूझे साय ॥१९॥ 'तब' शब्द यहां व्यर्थ जोड़ा गया है। इसी प्रकार—

